## न्यूज डायरी



### बलूचिस्तान को जंग का मैदान बनाने की तैयारी में विद्रोही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत को युद्ध क्षेत्र में बदलने के ताजा प्रवृत्ति ने सुरक्षा बलों पर व्यापक टारगेट हमले को अंजाम देने में हिंसा और आतंकवाद को बढ़ावा देने की भूमिका निभाने वाले कारणों पर बहस शुरू हो गई है। राजनीतिक और सुरक्षा विश्लेषकों का मानना है कि अफगानिस्तान में अस्थिर स्थिति, अन्य पड़ोसी देशों के आतंकवादी समूहों को विदेशी समर्थन के साथ अलगाववादी आतंकवादी संगठनों की ओर से फिर से समूह बनाने और लक्षित हमलों के पीछे मुख्य कारक हैं। बलूचिस्तान में आतंकवादी समूहों द्वारा किए गए हमलों की नवीनतम श्रृंखला में, दर्जनों सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं, जबकि बम विस्फोटों, झड़पों, घात लगाकर और भारी गोलीबारी में बड़ी संख्या में आतंकवादी भी मारे गए हैं। लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त तनत मसून ने कहा, 'क्षेत्र की विशालता, पाकिस्तान–अफगानिस्तान सीमा पर ढीले नियंत्रण और विदेशी तत्वों की संलिप्तता को देखते हुए, प्रांत में आतंकवाद का पुनरुत्थान अप्रत्याशित नहीं है।

### यूक्रेन पर 72 घंटे में रूस का कब्जा, 50 हजार लोगों की होगी मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। रूस और यूक्रेन में सीमा पर जारी भारी तनाव के बीच अमेरिका ने चेतावनी दी है कि पुतिन की सेना अगर चाहे तो मात्र 72 घंटे में यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जा कर सकती है। अमेरिकी सेना के चेयरमैन ऑफ जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ जनरल मार्क मिली ने कहा कि यूक्रेन पर रूस अगर हमला करता है तो यूक्रेन के 15 हजार सैनिकों और रूस के 4000 सैनिकों की मौत हो सकती है। वहीं एक अन्य खुफिया आकलन में चेतावनी दी गई है कि इस हमले की चपेट में आने से 50 हजार आम लोगों की मौत हो सकती है। जनरल मार्क मिली ने अमेरिकी सांसदों से कहा कि रूसी सेना अगर अपनी ताकत से हमला करते तो यूक्रेन पर मात्र 72 घंटे में कब्जा कर सकती है। मार्क मिली की इस डरावनी चेतावनी के बाद अमेरिका के कई सांसदों ने इस बात पर चिंता जताई कि बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के मामले में तेजी से सैन्य सहायता देने के लिए आगे नहीं आई।

### ब्रिटेन की महारानी अपनी बहू को देंगी कोहिनूर जड़ा ताज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के शासनकाल के 70 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर महारानी एलिजाबेथ अपनी बहू कैमिला पार्कर पर मेहरबान हो गई हैं। महारानी एलिजाबेथ ने ऐलान किया है कि उनके बेटे प्रिंस चार्ल्स के राजा बनने पर कैमिला ही महारानी होंगी। यही नहीं महारानी ने दरियादिली दिखाते हुए दुनियाभर से इकट्ठा किया हुआ, अपना बेशकीमती खजाना भी बहू के हवाले करना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि महारानी ने अपनी बहू कैमिला को भारत में मिले कोहिनूर हीरे से जड़ा अपना अनमोल मुकुट भी दे दिया है जिसे वह अपने पति प्रिंस चार्ल्स के राजतिलक के दिन पहनेंगी। प्रिंस चार्ल्स ने राजकुमारी डायना की मौत के बाद कैमिला पार्कर से साल 2005 में शादी रचाई थी। शादी के बाद भी कैमिला को महारानी का दर्जा न देकर 'क्वीन कंसोर्ट' की उपाधि दी गई थी।

### धरती पर फिर वापस लौटेंगे दैत्याकार मैमथ! वैज्ञानिक बना रहे आर्कटिक हाथी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बोस्टन। अपने तेज कदमों से धरती को हिलाने वाले दैत्याकार वूली मैमथ आज से करीब 10 हजार साल पहले धरती से विलुप्त हो गए थे। इनमें से ज्यादातर की मौत हो गई थी जबकि जो कुछ बच गए वे व्रांगेल द्वीप पर फंस गए थे। बाद में वे भी धीरे–धीरे करके 4 हजार साल पहले खत्म हो गए थे। इन विलुप्त जीवों के पूरी तरह से संरक्षित नमूने आर्कटिक के बर्फ से दबे इलाके में वैज्ञानिकों को मिले थे। इससे वैज्ञानिकों को उनके डीएनए के बारे में जानने का पूरा मौका मिल गया। अब इन नमूनों के आधार पर हावर्ड मेडिकल स्कूल के वैज्ञानिक बोस्टन में एशियाई हाथियों के डीएनए से इन मैमथ के डीएनए को मिलाने की कोशिश करने जा रहे हैं। एशियाई हाथी जिंदा जीवों में मैमथ के सबसे करीबी रिश्तेदार हैं।

# दुनिया भर में कोरोना का कहर, 39.5 करोड़ के पार पहुंचे वैश्विक मामले

चिंता

## रुस में 171,905 नए कोविड–19 मामले दर्ज किए गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मास्को। पूरी दुनिया कोरोना वायरस की मार झेल रही है। वायरस का कहर अपने चरम पर है। वहीं कोविड 19 का नया वैरिएंट ओमिक्रोन 149 देशों में फैल चुका है, जिसके बाद एक बार फिर वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या में भारी इजाफा दर्ज किया गया है। वैश्विक स्तर पर कोविड–19 के दैनिक मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दुनियाभर में कुल कोरोना वायरस के मामलों की बात की जाए तो ये आंकड़ा 39. 5 करोड़ के पार पहुंच गया है, जबकि वायरस के कारण दुनिया भर में 57.4 लाख से ज्यादा लोगों की मौतें हो चुकी हैं।

रुस में कोरोना वायरस का प्रकोप दिन–ब–दिन बढ़ता जा रहा है। दैनिक मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। पिछले 24 घंटों में देश में 171,905 नए कोविड–19 के मामले रिकार्ड किए गए हैं। केंद्र ने कहा, श्कोविड–19 के 171,905 नए मामलों का पता चला है। वहीं पिछले 24 घंटों में 609 लोगों की मौत हुई है। साथ ही इसके अलावा, प्रतिक्रिया केंद्र ने कहा कि पिछले 24 घंटों में कोविड–19 से संक्रमित 10,843 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं राहत वाली खबर देते हुए प्रतिक्रिया केंद्र ने बताया कि देश भर के अस्पतालों से 55,683 कोविड–19 रोगियों को छुट्टी दे दी गई है।

**पाकिस्तान में 3,338 नए मामले किए गए दर्ज, 38 लोगों की मौत** कोविड–19 की मार झेल रहे पाकिस्तान में दैनिक मामले दिन–ब–दिन बढ़ते जा रहे हैं। पाकिस्तान ने पिछले 24 घंटों में 3,338 नए कोविड –19 मामले दर्ज किए हैं, जबकि वायरस के कारण 38 लोगों की मौत हो गई है। पाकिस्तान में दैनिक मामले अस्पतालों पर दबाव बढ़ा रहे हैं। कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। देश में कुल मामले बढ़कर 1 करोड़ 4 लाख 63 हजार 111 (1,463, 111) हो गए हैं, जिनमें से 1 करोड़ 3 लाख 44 हजार 403 (1,344,403) ठीक हो चुके हैं।

**चीन ने वियतनाम सीमा के पास 35 लाख के शहर को किया बंदः** कोविड–19 मामलों में हो रही वृद्धि के बीच, चीन ने वियतनाम सीमा पर शहर को बंद कर दिया है। आपको बता दें कि बदनाम की सीमा के पास सटे 35 लाख की आबादी वाले दक्षिण–पश्चिमी शहर बाइसे ने निवासियों को घर पर रहने का आदेश दिया। इस चीनी शहर में तीन दिनों में 70 से अधिक कोरोना वायरस मामलों की खोज के बाद सोमवार को तालाबंदी लगा दी गई है।

साथ ही अनावश्यक यात्रा पर भी प्रतिबंध लागू किया गया है। चीन कोविड–19 के मामलो को लेकर काफी सख्त रवैया अपना रहा है, बता दें कि इसका बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक है, जो शुक्रवार को शुरु हुआ और 20 फरवरी तक चलेगा।

**मलेशिया में 10,089 नए मामले आए सामनेः** मलेशिया में वायरस के दैनिक मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मलेशिया में रविवार मध्यरात्रि तक 10,089 नए कोविड–19 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसके बाद राष्ट्र के कुल संक्रमण के मामले 2,914,220 हो गए हैं। देश में बढ़ते मामलों को स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किया है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि देश में 143 नए आयातित मामले हैं, जिनमें से 9,946 स्थानीय प्रसारण के मामले हैं।

**न्यूजीलैंड में सोमवार को 188 सामुदायिक मामलेः** देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा न्यूजीलैंड में सोमवार को 188 सामुदायिक मामले दर्ज किए गए हैं, न्यूजीलैंड ने रविवार को कोविड –19 के 208 नए सामुदायिक मामले दर्ज किए गए हैं। 208 नए सामुदायिक संक्रमणों में से 128 देश के सबसे बड़े शहर आकलैंड में, 49 वाइकाटो में, 11 बे आफ प्लेंटी में, सात नार्थलैंड में, पांच हाक्स बे में, तीन–तीन नेल्सन मार्लबोरो व वेलिंगटन में और एक साउथ कैंटरबरी में है।

## श्रीलंका के आर्थिक संकट के लिए चीन की कर्ज नीति जिम्मेदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। श्रीलंका में गहराते आर्थिक संकट के बीच एक अमेरिकी थिंक टैंक ने कहा है कि द्वीपीय राष्ट्र को अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए फिर से विचार करने की जरूरत है, जो चीनी कर्ज के जाल में उलझती जा रही है।

वाशिंगटन स्थित ग्लोबल स्ट्रैट व्यू ने अपने विश्लेषण में कहा कि श्रीलंका का वित्तीय संकट, मानवीय संकट की ओर बढ़ रहा है और आखिरकार देश को दिवालियापन की तरफ धकेल देगा। कई विश्लेषकों का मानना है कि देश के वित्तीय संकट के लिए प्रारंभिक तौर पर चीन की कर्ज के जाल में फांसने वाली नीति जिम्मेदार है। रिपोर्ट के अनुसार, श्रीलंका का विदेशी कर्ज वर्ष 2014 (जीडीपी का 30 प्रतिशत) के बाद धीरे–धीरे बढ़ना शुरु हुआ और वर्ष 2019 में सकल घरेलू उत्पाद का 41.3 प्रतिशत हो गया। द्वीपीय राष्ट्र के विदेशी मुद्रा भंडार में भी तेजी से गिरावट आ रही है और अब सिर्फ 1.6 अरब डालर रह गई है। इससे महज कुछ हफ्तों तक बेहद जरूरी सामग्री का आयात किया जा सकता है। द्वीपीय राष्ट्र पर विदेशी कर्ज का बोझ सात अरब डालर को पार कर गया है, इनमें जनवरी में 50 करोड़ डालर व जुलाई में एक अरब डालर के बांड का भुगतान शामिल है।




## कनाडा में 20 हजार ट्रकों के प्रदर्शन से घबराए मेयर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा की राजधानी ओटावा के मेयर जिम वॉटसन ने कोरोना वैक्सीन जनादेश के विरोध में ट्रक चालकों के लगातार नौ दिनों के विरोध के बाद 'स्टेट ऑफ इमर्जेंसी' की घोषणा कर दी है। रविवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि घोषणा चल रहे प्रदर्शनों से निवासियों की सुरक्षा, गंभीर खतरे देखते हुए की गई है। कनाडा के मेयर ने कहा है कि अमेरिका में मौजूद गुटों को पड़ोसी देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, ओटावा पुलिस सेवा के प्रमुख पीटर स्लोली ने पुलिस बोर्ड की एक विशेष बैठक में कहा कि उनके बल के पास इस शहर में पर्याप्त और प्रभावी ढंग से पुलिस व्यवस्था प्रदान करने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं।

## पुतिन के न्योते पर 23 साल बाद मास्को जा रहे पाकिस्तान के पीएम इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान रूस की यात्रा करने वाले हैं। पिछले 23 साल में यह पहला मौका होगा जब कोई पाकिस्तानी प्रधानमंत्री रूस जाएगा। इमरान खान का रूस दौरा इसी महीने के अंत में शेड्यूल किया गया है। उनके साथ पाकिस्तानी अधिकारियों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी रूस जाएगा। इमरान खान इस समय चीन दौरे पर हैं। कुछ दिनों पहले ही ऐसी रिपोर्ट्स आई थी कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पाकिस्तान की यात्रा कर सकते हैं। तब बताया गया था कि पाकिस्तान और रूस के बीच

**रूस पाक संबंधों के मजबूत होने से भारत की बढ़ सकती है टेंशन**

पुतिन की यात्रा को लेकर बातचीत अंतिम स्टेज में है। हालांकि, पुतिन की पाकिस्तान यात्रा को लेकर रूस की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। फिर भी पाकिस्तान में उनकी यात्रा को लेकर तैयारियां जोर–शोर से जारी है। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से इमरान खान कई बार राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर बात भी कर चुके हैं। इसी दौरान उन्होंने पुतिन को पाकिस्तान यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। बदल में पुतिन ने भी इमरान खान को रूस यात्रा का न्योता दिया था।

**पाकिस्तान से संबंध मजबूत क्यों कर रहा रूस?:** अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे ने दक्षिण एशिया में जियो–पॉलिटिक्स को बदल दिया है। अफगानिस्तान में चीन और पाकिस्तान की बढ़ती दिलचस्पी ने भारत को भी टेंशन दिया है। यही कारण है कि इस समय दुनिया का हर एक शक्तिशाली देश इंडो पैसिफिक के साथ अरब सागर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को बनाए रखना चाहता है। अफगानिस्तान से अमेरिकी फौज की वापसी के बाद रूस को भी दक्षिण एशिया में अपना प्रभुत्व बढ़ाने का मौका नजर आ रहा है। दोनों नेता हाल में ही बीजिंग विंटर ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए चीन भी पहुंचे थे।

## मिस्र में मिले बर्तन के टुकड़े पर की गई लिखावट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। मिस्र में पुरातत्वविदों के हाथ एक अनमोल खजाना लगा है। खुदाई के दौरान पुरातत्वविदों को एक प्राचीन टाइम कैप्सूल मिला है जो 18 हजार नोट्स से भरा हुआ है। इन 18 हजार पट्टियों पर प्राचीन मिस्र की सभ्यता के बारे में काफी कुछ लिखा गया है। इस टाइम कैप्सूल की खोज मिस्र के प्राचीन कस्बे अथरिबिस में की गई है जो आधुनिक सोहाग शहर के पास स्थित है। इन नोट्स को बर्तन के टूटे हुए हिस्से पर लिखा गया है। प्राचीन मिस्र में प्राइवेट लेटर, कपड़ों की लिस्ट और साहित्य से जुड़े लेखन के लिए बर्तन टूटे हुए हिस्सों का इस्तेमाल नोटपैड के रूप में किया जाता था। एक्सप्रेस न्यूज ने मिस्र के प्राचीन इतिहास के जानकार प्रफेसर क्रिस्चियन लेइट्ज के हवाले से कहा, प्राचीन काल में बर्तन के इन टूटे हुए हिस्सों का इस्तेमाल लिखने के लिए और स्याही से कुछ उकेरने के लिए बड़े पैमाने पर किया जाता था। यह समय करीब 600 ईसापूर्व का है। कई ऐसे पत्थर मिले हैं जिस पर यूनानी शब्द भी लिखे हैं।